ग्वालियर | मंगलवार | 24 नवम्बर 2026 | वर्ष 32 | अंक 99 | पृष्ठ 8+4=12 | मूल्य रु. 5.00
navabharat.com | twitter.com/Nava_Bharat | fb.me/NavaBharat.Social

नव भारत

BACHPAN
www.bachpanglobal.com
अपने शहर में बचपन प्ले स्कूल शुरू करें !
9811437000

एक नजर में

ईडी मनी लॉन्ड्रिंग में 556 करोड़ी संपत्ति अटैच की

नई दिल्ली. प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मनी लॉन्ड्रिंग और वित्तीय धोखाधड़ी के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए दो कंपनियों और उनसे जुड़ी अन्य इकाइयों की करीब 556.72 करोड़ रुपये की अचल संपत्तियां अटैच की हैं. जांच एजेंसी की यह कार्रवाई रॉयल ट्विंकल स्टार क्लब लिमिटेड और सिट्रस चेक इन्स लिमिटेड के खिलाफ की गई है. दोनों कंपनियों पर लंबी अवधि की हॉलिडे मेंबरशिप और निवेश योजनाओं के जरिए आम लोगों से कथित तौर पर करोड़ों रुपये जुटाने और उन्हें धोखा देने का आरोप है.

गोधरा कांड के दोषी को सुप्रीम कोर्ट से राहत

नई दिल्ली. 2002 के चर्चित साबरमती एक्सप्रेस ट्रेन अग्निकांड मामले में दोषी ठहराए गए इरफान सिराज पाडा को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है. सोमवार को उसकी उम्रकैद की सजा पर रोक लगा दी गई. अदालत ने यह फैसला उसकी गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं और 18 साल से अधिक समय तक जेल में रहने के आधार पर दिया है. हालांकि यह आदेश दोषसिद्धि को समाप्त करने या आरोपी को मामले में बरी करने का फैसला नहीं है, बल्कि चिकित्सीय आधार पर सजा पर लगाई गई रोक है. स्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस प्रसन्ना बी. वराले की पीठ ने मामले की सुनवाई के दौरान पाडा की स्वास्थ्य स्थिति पर गौर किया.

सप्ताह के पहले दिन ही शेयर बाजार 1500 अंक गिरा, सोने ने फिर मारी छलांग

5.25 लाख करोड़ साफ

■ चार सप्ताह की तेजी के बाद बाजार में मुनाफावसूली हावी

नवभारत न्यूज

मुंबई, 23 नवंबर. बीते शुक्रवार को बंद होते शेयर बाजार में तेजी की चमक सप्ताह के पहले दिन ही फीकी पड़ गई. शुक्रवार को ही सोने के भाव गिरने से खरीदारों को उम्मीद बंधी थी, लेकिन सप्ताह की शुरुआत ने पूरा गणित पलट दिया. सोमवार को शेयर बाजार में ऐसी बिकवाली आई कि सेंसेक्स 1500 अंक टूट गया और निवेशकों की 5.25 लाख करोड़ रुपये की संपत्ति साफ हो गई. दूसरी तरफ सोने-चांदी की कीमतों में तेजी लौट आई.

तेजी पर मुनाफावसूली भारी: इस गिरावट के पीछे लगातार चार सप्ताह की तेजी के बाद मुनाफावसूली, अमेरिकी बाजारों की कमजोरी, ब्याज दरों को लेकर अनिश्चितता और रुपये का दबाव प्रमुख कारण रहे. शुक्रवार को विदेशी निवेशकों की खरीदारी और घरेलू बाजार की तेजी के बावजूद वैश्विक संकेतों ने सोमवार को धारणा बदल दी. दक्षिण कोरिया का कोस्पी 3.31% लुढ़का, जबकि अमेरिकी बाजार भी पिछले सत्र में बड़ी गिरावट के साथ बंद हुए थे.

शुक्रवार की खुशी, सोमवार को झटका

शुक्रवार	सोमवार
+897.96 सेंसेक्स अंक	-1483.72 सेंसेक्स अंक

निवेशकों को नुकसान **5.25** लाख करोड़



सोना ने किया पलटवार

शेयरों की कमजोरी के बीच सोने ने पलटवार किया. पिछले सप्ताह कीमतों में तेज गिरावट के बाद सोमवार को सोने के वायदा भाव में करीब 2.5% तक उछाल आया. चांदी भी मजबूत हुई. निवेशकों का जोखिम से बचने की ओर झुकाव और वैश्विक संकेतों ने बुलियन को सहारा दिया. शुक्रवार की राहत सोमवार को चिंता में बदल गई. बाजार ने फिर बता दिया कि तेजी स्थायी नहीं और निवेश में जोखिम हर दिन नई करवट ले सकता है.

निवेशकों का भरोसे पर चोट

सेंसेक्स 1483.72 अंक यानी 1.77% गिरकर 82,435.99 पर बंद हुआ. निफ्टी 450.95 अंक टूटकर 25,349.65 पर आ गया. शुक्रवार को सेंसेक्स 83,919.71 और निफ्टी 25,800.60 पर बंद हुए थे. यानी एक कारोबारी दिन में निफ्टी 26 हजार के करीब पहुंचने की उम्मीद से 25,350 के आसपास आ गया.

बैंक-मेटल शेयरों में भारी बिकवाली

बाजार में सबसे ज्यादा मार बैंकिंग, वित्तीय सेवाओं और मेटल शेयरों पर पड़ी. बैंक निफ्टी करीब 3.17% और मेटल इंडेक्स 3.68% टूट गया. एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक और एसबीआई जैसे बड़े शेयरों में गिरावट ने बाजार को नीचे खींचा. टाटा स्टील और हिंडाल्को भी बिकवाली की चपेट में आए. हालांकि आईटी शेयरों में खरीदारी रही, लेकिन वह बाजार की गिरावट को थाम नहीं सकी.

दिल्ली में थाने के अंदर 5 पुलिसकर्मियों पर चाकू से हमला

नई दिल्ली, 23 नवंबर. दिल्ली के जामा मस्जिद थाना में सोमवार दोपहर करीब 2:30 बजे एक बड़ी घटना हुई. पारिवारिक विवाद की शिकायत पर थाने बुलाए गए नबील नामक व्यक्ति ने पुलिसकर्मियों पर अचानक चाकू से हमला कर दिया. इस हमले में पांच पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए. दरअसल, नबील को एक पारिवारिक विवाद के मामले में थाने बुलाया गया था. हमले के बाद उसे अरेस्ट कर लिया गया.

डीजीपी मकवाणा का एक्सटेंशन फिर होल्ड

■ प्रस्ताव तैयार होने के बाद अचानक रोकने के आदेश



विशेष प्रतिनिधि, भोपाल, 23 नवंबर. डीजीपी कैलाश मकवाणा को तीन महीने की सेवावृद्धि देने का प्रस्ताव सोमवार को भी केंद्र को नहीं भेजा गया. केंद्रीय कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के उच्च सूत्रों के अनुसार प्रदेश सरकार द्वारा शनिवार को दी गई मौखिक सूचना के बाद अब तक कोई प्रस्ताव नहीं भेजा गया है. इधर, राज्य के अधिकारिक मंत्रालयीन सूत्रों का कहना है कि सोमवार की सुबह सेवावृद्धि का प्रस्ताव तैयार करवाने के बाद दोपहर अचानक आगे नहीं बढ़ाने का आदेश दे दिया गया. जिसके चलते देर शाम तक प्रस्ताव केंद्र को नहीं भेजा गया. तैयारी पूरी होने के बाद प्रस्ताव रोकने की वजह स्पष्ट नहीं हुई.

सहकारी समितियों के चुनाव फिर एक वर्ष टले

कैबिनेट ने प्रस्ताव को दी मंजूरी

प्रशासनिक संवाददाता

भोपाल, 23 नवंबर. प्रदेश में कृषि साख सहकारी समितियों के चुनाव फिर एक वर्ष टल गए हैं. कैबिनेट बैठक में प्रस्ताव को हरी झंडी दे दी है. दरअसल अब तक पैक्स की मतदाता सूची ही तैयार नहीं हो सकी है. दरअसल चुनाव नवगठित समितियों में कार्य संचालन शुरू नहीं होने के चलते टाले गए हैं. सरकार का तर्क है कि इस स्थिति में



वैधानिक कठिनाइयां उत्पन्न हो सकती थीं. पैक्स चुनाव टलने से अब विपणन समितियों और जिला सहकारी बैंकों के चुनाव भी टल गए हैं. ये इसलिए कि पैक्स के प्रतिनिधि ही जिला सहकारी बैंकों के चुनाव के लिए वोटर होते हैं.

कैबिनेट ने यह निर्णय भी लिया

- गोपाल-कृष्ण ग्राम पुरस्कार योजना का अनुसमर्थन.
- खनिज अन्वेषण नीति के क्रियान्वयन के लिए राज्य खनिज निगम को क्रियान्वयन एजेंसी नियुक्त किए जाने की स्वीकृति.
- सामान्य प्रशासन विभाग की 23 योजनाओं को निरंतर रखने के लिए 3,059 करोड़ 7 लाख मिलेंगे.
- एकात्म धाम में अद्वैत लोक के निर्माण पर वर्ष 2030-31 तक 2,278 करोड़ 99 लाख खर्च होंगे.

अयोध्या से जनकपुर दौड़ी ट्रेन

■ मोदी और नेपाल के पीएम शाह ने दिखाई हरी झंडी

नवभारत न्यूज नेटवर्क

नई दिल्ली, 23 नवंबर. भारत और नेपाल ने द्विपक्षीय संबंधों को नई मजबूती देने की दिशा में सोमवार को आठ महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन शाह के बीच नई दिल्ली में हुई उच्चस्तरीय वार्ता के बाद अंतरिक्ष तकनीक, सुरक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और शहरी विकास समेत कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने



पर सहमति बनी. इस दौरान दोनों प्रधानमंत्रियों ने अयोध्या से नेपाल के जनकपुर को जोड़ने वाली सरयू-कमला एक्सप्रेस को वर्चुअली हरी झंडी दिखाई. इसके अलावा कई विकास परियोजनाओं का भी उद्घाटन किया गया.

बिसलेरी के पानी में कैंसर के तत्व

■ एफएसएसएआई ने शुरू की कानूनी कार्रवाई

नवभारत न्यूज

नई दिल्ली, 23 नवंबर. देश की प्रमुख पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर कंपनियों में शामिल बिसलेरी इंटरनेशनल की मुश्किलें बढ़ गई हैं. भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने कंपनी के खिलाफ अभियोजन की कार्रवाई को मंजूरी दी है. पानी के सैंपल जांच में निर्धारित सीमा से अधिक ब्रोमेट और पॉलीन्यूक्लियर एरोमैटिक हाइड्रोकार्बन पाए गए हैं. जिनमें कुछ यौगिक कैंसरकारी श्रेणी में आते हैं. हालांकि, कंपनी ने कहा कि पेयजल सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है.

अब सभी ब्रांडों के पानी की होगी जांच



बिसलेरी के पानी के सैंपल को लेकर उठे विवाद के बाद सरकार देशभर में बोतलबंद पानी की गुणवत्ता की जांच कराने की तैयारी में है. विभिन्न ब्रांडों के पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर के सैंपल लेकर उनकी जांच की जाएगी. खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण की ओर से यह कदम ऐसे समय उठाया जा रहा है, जब बिसलेरी के जिन सैंपल को शुरुआती जांच में असुरक्षित बताया गया था, वे दोबारा जांच में निर्धारित खाद्य सुरक्षा मानकों के अनुरूप पाए गए हैं. बिसलेरी इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड को इस मामले में राहत मिली है. कंपनी ने 22 नवंबर 2025 को शुरुआती जांच के नतीजे के खिलाफ अपील की थी. इसके बाद सैंपल को दोबारा जांच के लिए रेफरल प्रयोगशाला भेजा गया.

हुआंग की एनवीडिया में वापसी

■ सीईओ बनते ही कंपनी के शेयर 31 फीसदी उछले

नवभारत न्यूज नेटवर्क

कैलिफोर्निया, 23 नवंबर. चीनी महिला से अफेयर के चलते पद से इस्तीफा देने के 11 दिन बाद एनवीडिया के सीईओ जेन्सन हुआंग की वापसी हो गई. उन्हें सोमवार को फिर से कंपनी का सीईओ नियुक्त किया गया. हुआंग ने चीन को एडवांस चिप सप्लाई करने के आरोपों के बीच 12 नवंबर को पद छोड़ दिया था. अब कंपनी के बोर्ड ने अमेरिकी सरकार के वरिष्ठ



अधिकारियों से चर्चा के बाद उन्हें दोबारा सीईओ बनाया गया है. सूत्रों ने बताया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दबाव के चलते कंपनी बोर्ड ने यह फैसला लिया है. उनकी वापसी की घोषणा के बाद कंपनी के शेयर 31 फीसदी से ज्यादा उछल गए. बोर्ड का कहना है कि हुआंग की वापसी से अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा को कोई खतरा नहीं है.

